एमसीयू में 'प्रतिभा-2026' का शुभारंभ, 30 तक होंगी सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के वार्षिकोत्सव 'प्रतिभा-2026' का शुभारंभ सोमवार से हो गया।

विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित परिसर के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी तथा डीन छात्र कल्याण और डीन अकादमिक ने मां सरस्वती, दादा माखनलाल चतुर्वेदी और भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि 'प्रतिभा' कार्यक्रम विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण आयोजन है, जो विद्यार्थियों की कला, खेल और अन्य रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और भविष्य के पेशेवर जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वविद्यालय स्तर पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों मयंक आनंद और कार्तिका गोथवाल द्वारा डिजाइन किए गए 'प्रतिभा-2026' के लोगो का विमोचन भी किया गया। 'कला और खेल का समागम' टैगलाइन वाले इस लोगो में मंचीय कला और खेल गतिविधियों को दर्शाया गया है। इस दौरान जनसंचार विभाग की छात्रा डबीरू मोहना ने ओडिसी नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना प्रस्तुत की, जबकि डिजिटल जर्नलिज्म के विद्यार्थी आर्यन वाजपेई ने कविता पाठ किया। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने गायन की भी प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, स्वरचित काव्यपाठ, फीचर लेखन, पोस्टर निर्माण और मोबाइल शॉर्ट फिल्म मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलसचिव विवेक सावरीकर ने किया। 'प्रतिभा-2026' के तहत 30 मार्च तक विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

भोपाल मंडल होकर दानापुर के लिए पुणे और लोकमान्य तिलक से चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

नप्र, भोपालः यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने भोपाल मंडल होकर दानापुर के लिए पुणे तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें निर्धारित तिथियों और समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी, जिससे यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर दैनिक विशेष प्रतिदिन दोपहर 15:30 बजे पुणे से प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा होते हुए अगले दिन 02:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-हडपसर विशेष सुबह 05:00 बजे दानापुर से रवाना होकर शाम 18:15 बजे हडपसर पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

लोकगीत प्रतियोगिता में नयन परसाई को द्वितीय पुरस्कार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षा आचार्य प्रथम वर्ष के छात्र नयन परसाई को एनएसएस के मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में आयोजित समूह लोकगीत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

यह शिविर सतना जिले के चित्रकूट में 8 से 14 मार्च तक आयोजित किया गया था। नयन परसाई ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के दल के सदस्य के रूप में इस सात दिवसीय शिविर में भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।

लोकगीत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समापन समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर परिसर निदेशक प्रो. हंसधर झा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा सहित प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने बधाई दी।

एम्स में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नप्र, भोपालः राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर एम्स भोपाल में जनसामान्य को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को टीकाकरण के लाभों और इससे होने वाले रोगों की रोकथाम के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि टीकाकरण बच्चों और वयस्कों दोनों को कई गंभीर संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि समय पर लगाए गए टीके पोलियो, खसरा, डिप्थीरिया, टेटनस और हेपेटाइटिस जैसे खतरनाक रोगों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सभी आवश्यक टीके समय पर अवश्य लगवाएं।

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी और रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मध्यप्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज की गई।

इस अवसर पर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी और रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के बीच शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर डॉ. ए. के. सिंघई और डॉ. दुर्गा पांडे ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संयुक्त शोध परियोजनाओं, शैक्षणिक कार्यक्रमों तथा ज्ञान के आदान-प्रदान का लाभ प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में डॉ. एन. के. जैन, डॉ. कीर्ति जैन और डॉ. महेंद्र जोशी सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद् एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। अतिथियों और संकाय सदस्यों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह साझेदारी फार्मेसी शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाओं को बढ़ावा देगी।

मुंबई में रूस-भारत निवेश फोरम 19 को

मुंबई। भारत और रूस के बीच आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से 19 मार्च 2026 को मुंबई स्थित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में तीसरा रूस-भारत फोरम 'वोल्गा से गंगा तक: सभ्यताओं का संवाद और पूंजी बाजारों का एकीकरण' आयोजित किया जाएगा। इस रणनीतिक आयोजन में भारतीय कंपनियों और वित्तीय संस्थानों को रूस के प्रमुख निवेशकों और पूंजी धारकों से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीषकुमार चौहान, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा, रूस-बेलारूस संघ राज्य के राज्य सचिव सर्गेई ग्लाज़येव, रूसी संघ के उप वित्त मंत्री इवान चेबेस्कोव तथा बैंक ऑफ रूस के प्रथम उप गवर्नर व्लादिमीर चिस्त्युखिन सहित कई प्रमुख हस्तियां भाग लेंगी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड रायसेन
दूरभाष क्र. 07482-292040 ईमेल :- eephrai@nic.in
क्रमांक/947/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यॉ./ खण्ड/2026 रायसेन — दिनांक- 11/03/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाईन कय करने की अंतिम तिथि 25.03.2026 शाम 17:30 है एवं संशोधन केवल वैबसाइट पर देखे जा सकेगें।

क्र.	ऑनलाईन टेंडर आई.डी.क्र.	निविदा क्र.	निविदा आमंत्रण	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत राशि (रु. में)
1	2026_PHED_489200_1	28	प्रथम	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड साँची के 214 ग्रामों में स्थापित 1730 हैण्डपंपों का संधारण कार्य, हैण्डपंपों में ग्रीसिंग, हैण्डपंपों का क्लोरीनेशन एवं सेम्पल एकत्रित करने का कार्य।	2492930.00
2	2026_PHED_489220_1	29	प्रथम	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड गैरतगंज के 159 ग्रामों में स्थापित 1200 हैण्डपंपों का संधारण कार्य, हैण्डपंपों में ग्रीसिंग, हैण्डपंपों का क्लोरीनेशन एवं सेम्पल एकत्रित करने का कार्य।	1729200.00
3	2026_PHED_489221_1	30	प्रथम	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड बेगमगंज के 202 ग्रामों में स्थापित 858 हैण्डपंपों का संधारण कार्य, हैण्डपंपों में ग्रीसिंग, हैण्डपंपों का क्लोरीनेशन एवं सेम्पल एकत्रित करने का कार्य।	1236378.00
4	2026_PHED_489222_1	31	प्रथम	रायसेन जिले के अंतर्गत विकासखंड सिलवानी के 240 ग्रामों में स्थापित 1417 हैण्डपंपों का संधारण कार्य, हैण्डपंपों में ग्रीसिंग, हैण्डपंपों का क्लोरीनेशन एवं सेम्पल एकत्रित करने का कार्य।	2041897.00

जी-27398/25 — **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायसेन**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/296/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 13.03.2026

प्रेस विज्ञप्ति

''जिला भोपाल पुलिस विशेष शाखा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयीन कक्ष एवं विशेष शाखा के विभिन्न अनुभागों में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य तथा विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय के राज्य स्थिति कक्ष क्र. जी-4 में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य एवं पुलिस मुख्यालय के गेट क्रमांक-03 के समीप टॉयलेट निर्माण, शिकायत शाखा में अधिकारी कक्ष में पुताई का कार्य, नवीन एवं पुराने मुख्यालय की ग्रेटिंग, कर्वस्टोन एवं बाउण्ड्रीबाल की पुताई का कार्य, फाउण्टेन मरम्मत कार्य, गेट क्रमांक-1 मरम्मत एवं टेनिस कोर्ट भवन की पुताई का कार्य, गेट क्रमांक-2 में स्लाईडिंग मोटर का कार्य, साइनेज बोर्ड मरम्मत कार्य, पुलिस मुख्यालय एवं लाइब्रेरी में साइनेज बोर्ड बनाने का कार्य इत्यादि कार्य के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-34/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No- 2026_MPPHC_490204_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124931/2026 — **परियोजना यंत्री**

सूडोकु नवताल- 7721

★★★★☆ कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7720 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

काकुरो पहेली - 7394



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7393 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8791



बाएँ से दाएँ

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

ऊपर से नीचे

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

शब्द पहेली -8790 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7218



बायें से दायें:-

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी ऑखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६.अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7217

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7327

	2		6		5	
	33	2	33	4	26	7
4	5		6			3
	34		40	6	32	
1	3	6			7	2
5	30		31		39	
		1		2		4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7326 का हल

1	6	2	4	3	7	5
5	30	3	21	1	35	7
7	5	1	3	4	2	6
2	33	6	39	7	31	3
4	3	5	7	6	1	2
6	33	4	42	5	26	1
3	1	7	6	2	5	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8327

बं	ल	र	ह	द	ब	र्निं	ग	ट्रे	न	आ
ज	दि	ल	म	आ	मो	ह	दो	तें	शा	म
अं	इ	श	दि	ल	दा	ल	उ	र	ला	ब
मे	क	व	ल	प	ल	क	स्ता	रि	श	न
स	रे	श	ज	वा	ब	स	द	ग	वी	व
ही	रं	अ	च	व	लि	र्त	ल	ती	प	च
व	रो	ल	प	गा	आं	धी	तू	फा	न	ले
श	बा	ज	स	ने	क	छ	र	ग	श	थ
छ	त्ती	स	घं	टे	न	ज	स	शा	जू	ध
द	र	ल	म	ह	र	औ	के	स	प	र्मा
थो	बु	लं	दी	र	हो	ग	या	दु	र	त्मा

शब्दजाल में 'डैनी' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.

मेरे अपने, छत्तीस घंटे, धर्मात्मा, द बर्निंग ट्रेन, बंदिश, दो उस्ताद, हीरो, आंधी तूफान, जवाब, बुलंदी

शब्दजाल - 8326 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore